तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बालवाड़ी, बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण समय होता

11 भूमि जल संरक्षण पर एक दिनी जिला ...


## खबर संक्षेप

### चिट्टा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से चिट्टा रखने वाले युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि सी. मार्केट पावर हाउस भिलाई के पास मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बेचने वाले युवक यहां सक्रिय है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरमान अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 4 ग्राम हेरोइन जब्त किया। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि डिपरा पारा दुर्ग निवासी संजय गुप्ताने शिकायत किया कि दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास वह खड़ा था। तभी आरोपी गोगो उर्फ सौरभ यादव अपनी एक्टिवा वाहन में बैठने के लिए कहा। पीड़ित ने इंकार करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर जेब से धारदार हथियार निकालकर सीने एवं बाएं हाथ पर प्राण घातक हमला कर फरार हो गया था।

### महिला से छेड़खानी करने वाले को दो साल की कैद

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम महकाकला में तालाब के पास महिला से छेड़खानी करने वाले को न्यायालय ने 2 साल कैद और 500 रुपए के अर्थदंड सें दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम) के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने यह फैसला सुनाया। प्रकरण के मुताबिक घटना 26 जनवरी 2024 की है। महिला नहाकर लौट रही थी। तभी दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी प्रेमचंद यादव ने महिला से छेड़खानी की। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। प्रकरण के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 354 में 2 साल की कैद, 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामले में शासन के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक लक्ष्मी साहू ने की।

### अवैध शराब के साथ युवक पुलिस पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शराब बेचने की शिकायत मिली। पेट्रोलिंग पार्टी ने घेराबंदी युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवबलौदा निवासी नरेश रात्रे बताया है। आरोपी के पास से 30 पौवा देशी शोले शराब कुल 5.400 बल्क लीटर, 3 हजार रुपए का जब्त किया। एक अन्य मामले में कुम्हारी पुलिस ने कोहका निवासी मलकीत सिंह रंधावा उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा की पूंजीपति समर्थक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, 9 को कलेक्टोरेट घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एसआईआर सहित ज्वलंत जनहित मुद्दों और आगामी धरना प्रदर्शन की रणनीति को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन में व्यापक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने की, जिसमें जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, प्रभारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जमीनी समन्वय और आंदोलनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार लगातार गरीब, मजदूर और किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कानून को कमजोर कर उसकी जगह वीबीजी-राम-जी जैसा नया कानून लाकर सरकार गांव, गरीब और रोजगार के अधिकार पर सीधा हमला कर रही है। इससे लाखों ग्रामीणों के हाथ से 100 दिन का रोजगार छिनता जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनमानस को जागरूक करें और गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की "अमीर और पूंजीपतियों के पक्ष में झुकी नीतियों" की वास्तविकता लोगों के ▶▶| शेष पेज 11 पर

## ग्रामीणों के हाथ से 100 दिन का रोजगार छिनता जा रहा : छाबड़ा



### भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध

बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने शीघ्र ब्लॉक एवं मंडल कार्यकारिणी के गठन के निर्देश दिए। साथ ही कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बढ़ाने और जमीनी स्तर पर सक्रियता तेज करने का आह्वान किया गया। इसके अलावा 9 फरवरी कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई। आशीष छाबड़ा ने कहा कि कम समय में अधिक से अधिक लोगों तक इस आंदोलन की जानकारी पहुंचाई जाए और जनसमर्थन जुटाकर भाजपा सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के अंत में कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि पार्टी गरीब, मजदूर और किसानों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से ललित विश्वकर्मा ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जयंती : जिले में विद्युत विभाग का रजत जयंती समारोह का हुआ आयोजन

# नगर को मिलेगा नया विद्युत उपकेंद्र : दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, बेमेतरा संभाग द्वारा रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने की।

विशेष अतिथि के तौर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एस. भटनागर तथा साजा संभाग के कार्यपालन अभियंता मनीष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। मंच संचालन सत्येश बाघे एवं रामानुज साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एक साथ छह नए विद्युत उपकेंद्रों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जिनमें बेमेतरा नगर का नया उपकेंद्र भी शामिल है। इसके निर्माण से वर्षों से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान होगा और शहर सहित आसपास के क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। विधायक साहू ने कहा कि राज्य निर्माण के समय छत्तीसगढ़ को पिछड़ा कहा जाता था, लेकिन आज 25 वर्षों में राज्य ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं में हुए विस्तार ने बेमेतरा जिले को विकास की नई पहचान दी है। स्कूल-कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र और सड़कों का चौड़ीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।



उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और स्टाफ की कमी के बावजूद विभाग के कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान कर रहे हैं, जो सम्मान के योग्य है।

### छात्राओं को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि उपलब्धियों का उत्सव है। बिजली व्यवस्था में हुए व्यापक सुधारों ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विकास को गति दी है। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एस. भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्माण से पहले बेमेतरा संभाग में 132/33 केवी का एक भी उपकेंद्र नहीं था, जबकि आज जिले में छह उपकेंद्र कार्यरत हैं। 33/11 केवी उपकेंद्रों की संख्या 9 से बढ़कर 64 हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले का कोई भी गांव अब अंधेरे में नहीं है और विद्युत लाइनों का विस्तार अंतिम छोर तक किया जा चुका है। कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण को लेकर विशेष गतिविधियां भी आयोजित की गईं। राजस्व कन्या स्कूल की छात्राओं के बीच निबंध, रंगोली, चित्रकला, भाषण, नारा, मॉडल एवं प्रश्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेता छात्राओं को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह के दौरान विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में संभागीय कार्यालय से सहायक अभियंता गुलाब राम साहू ,ताम्रेश्वर अनंत, नीलकंठ साहू, ▶▶| शेष पेज 11 पर

# हर माह की 7 तारीख को पंचायतों में मनाया जाएगा आवास दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में आवास एवं रोजगार से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा वीबी जी राम जी योजना को गति देने के लिए अब प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार दिवस के साथ-साथ 'आवास दिवस' भी मनाया जाएगा।

इसी क्रम में आगामी 7 फरवरी 2026 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।आवास दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रावधानों, पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देना है, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा आवास निर्माण में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति को और अधिक गति दी जाए, जिससे ग्रामीण परिवारों को समयबद्ध रूप से सुरक्षित, टिकाऊ एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा सके। नियमित रूप से आयोजित आवास दिवस से निर्माण कार्यों की निगरानी सुदृढ़ होगी और अधूरे या लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करने में सहायता मिलेगी। हर माह ग्राम पंचायत स्तर पर आवास दिवस आयोजित होने से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। लाभार्थियों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा, वहीं प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

# विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान को सरल सहज और उपयोगी बनाने लगाई गई प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय राखी में विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान को सरल और सहज, दैनिक और व्यवहारिक जीवन हेतु उपयोगी प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें बच्चे खुद करके सीखे को सार्थक करते दिखाई दिए। इस शोध कार्यक्रम में टिकेश्वरी साहू अजीम प्रेमजी फाउंडेशन साजा का बच्चों के लिए बहुत सार्थक योगदान रहा। प्राथमिक के बच्चों द्वारा गणित विषय से धारिता मापन, ऊंचाई , कैलेंडर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक के बच्चों द्वारा धातु अधातु की पहचान अम्ल क्षार, लवण में अंतर, प्रकाश का परावर्तन की समझ, घर्षण किसमें अधिक का अच्छा प्रदर्शन रहा। वहीं सामाजिक विज्ञान जैसे जटिल विषय को भी प्रदर्शन के माध्यम से सरल बच्चों ने बखूबी किया। प्रधान पाठक गायत्री जोगी द्वारा सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की गई।

साथ ही उपस्थित सभी शिक्षिकाओं, पालकों, टिकेश्वरी साहू का आभार व्यक्त किया गया। इस शैक्षणिक बाल मेला में संकुल समन्वयक आदरणीय प्रकाश कुंजाम, एस एम सी अध्यक्ष राकेश टंडन ने इस प्रदर्शनी की प्रशंसा की। साथ ही पालकगण योगेश, रामेश्वरी, दुलारी, पार्वती, सुरेश, गौतम, दूरपति, और विद्यालय के सभी बच्चों की उपस्थिति रही।

# मंदिर परिसर में बलि और शराबखोरी से ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम संडी स्थित प्रसिद्ध सिद्धि शक्ति पीठ सिद्धि माता मंदिर क्षेत्र में धार्मिक मर्यादाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में लगातार हो रही पशु बलि, मांस सेवन और शराबखोरी ने सनातन आस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

इस गंभीर मामले को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन को साफ शब्दों में चेताया है कि यदि अब भी सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो इसके परिणाम गंभीर होंगे। समाज ने आरोप लगाया कि बीते कई महीनों से बाहर से आने वाले असामाजिक तत्व मंदिर परिसर,



संडी मार्ग और खेतों में बेखौफ होकर बकरों की बलि दे रहे हैं। बलि के बाद वहीं खुलेआम मांस व शराब का सेवन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का धार्मिक वातावरण अशांत हो गया है। हिंदू परंपराओं में पवित्र स्थलों पर बलि पूर्णतः वर्जित है, इसके बावजूद प्रशासनिक उदासीनता के चलते यह कृत्य धड़ल्ले से जारी हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि पहले भी समाज द्वारा विरोध दर्ज कराया गया था। एसडीओपी की समझाइश के बाद कुछ समय के लिए स्थिति सामान्य हुई, लेकिन ठोस और स्थायी कार्रवाई न होने से असामाजिक तत्वों के हौसले फिर बुलंद हो गए। मंदिर प्रशासन को सूचित करने के बावजूद कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका।

### 3 को बनी विस्फोटक स्थिति

3 फरवरी 2026 को स्थिति विस्फोटक हो गई, जब शिवगंगा सलधा आश्रम के सामने स्थित जंजरी बलि मंदिर परिसर में अन्य गांवों से आए लोगों ने पुनः बलि देने का प्रयास किया। स्थानीय नागरिकों ने इसका विरोध किया, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। समाज ने चेताया है कि यदि ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। सर्व ब्राह्मण समाज ने प्रशासन से मांग की है कि सिद्धि माता मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र को तत्काल बलि-मुक्त एवं नशा-मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए, स्थायी पुलिस निगरानी तैनात हो और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। समाज ने दो टूक कहा है कि भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, प्रदेश प्रचार सचिव डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय, राकेश तिवारी, गिरीश मिश्रा, रामाधार तिवारी एवं अजय शुक्ला शामिल रहे।

## केंद्रीय बजट पर जिला भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता, विकास और अनुशासन का रोडमैप बताया

# केंद्रीय बजट विकसित भारत को मजबूत करने वाला: नंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष नंदन जैन ने केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकार वार्ता ली । इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला है, जिसमें आर्थिक अनुशासन के साथ तेज विकास का स्पष्ट रोडमैप दिखाई देता है।

नंदन जैन ने बताया कि बजट में फिस्कल प्रूडेंस और ग्रोथ इन्वेस्टमेंट के संतुलन को प्राथमिकता दी गई है। बीई 2026-27 में फिस्कल डेफिसिट को GDP के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया गया है, जिससे कर्ज नियंत्रण में रहेगा और विकास के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का विकास अभूतपूर्व गति और



अनुशासित खर्च के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 12.2 लाख करोड़ का कैपिटल एक्सपेंडिचर एक दशक लंबे इंफ्रास्ट्रक्चर विजन को आगे बढ़ाता है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और टियर-2 व टियर-3 शहरों में विकास को गति मिलेगी। सड़क, रेल, एयरपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश से देश यूपीए काल जैसी आर्थिक तंगी से बाहर निकल चुका है। प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष ने कहा कि बायोफार्मा सेक्टर को मजबूती देने के लिए अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे भारत को ग्लोबल बायोफार्मा हब बनाया जाएगा। एनआईटी-आर के विस्तार, 1000 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल साइट्स और मजबूत CDSCO साइंटिफिक कैडर से युवाओं को हाई-क्वालिटी आर एंड डी और मैन्युफैक्चरिंग रोजगार मिलेंगे। उन्होंने इंडियन सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना इक्विपमेंट, मटेरियल्स, स्किल सेंटर्स और नेक्स्ट जेन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर भारत को तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी।

इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स स्कीम का आउटले बढ़ाकर 40,000 करोड़ किया गया है, जिससे घरेलू हाई-प्रिसीजन मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। जैन ने बताया कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के पास हर STEM जिले में गर्ल्स हॉस्टल और शिक्षा को उद्योग की मांग से जोड़ने की पहल की गई है, जिससे डिग्री को सीधे नौकरी से जोड़ने का मॉडल विकसित होगा और बेटियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होगा।

### गरीब परिवारों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम होगा

ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नारियल, काजू, कोको, चंदन और हाई-वैल्यू फसलों के माध्यम से गांवों को एग्री-बिजनेस हब बनाया जाएगा। साथ ही 500 जलाशयों के इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट से **inland fisheries**, महिला समूहों और **FPOs** को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की उपलब्धियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट अस्पतालों में **Emergency** एवं **Trauma Centres** का 50 प्रतिशत विस्तार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम होगा और आयुष्मान भारत को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि नया आयकर कानून 2025 एक अप्रैल 2026 से लागू होगा, जिससे टैक्स नियम सरल होंगे, कंप्लायंस का बोझ घटेगा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। **IT** और स्टार्टअप सेक्टर को इससे स्थायित्व और स्पष्टता मिलेगी। इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, रजक कार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, प्रदेश भाजपा मंत्री संध्या परगनिहा,जिला अध्यक्ष अजय साहू,र राजेंद्र शर्मा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे में धुत आयशर चालक ने कार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

स्थानीय परमेश्वरी होटल के पास एक अनियंत्रित आयशर वाहन ने सामने से आ रही वेन्यू कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि गनीमत रही कि कार सवार बाल-बाल बच गए।

तिल्दा निवासी गोविंद सोंधिया सिंचाई विभाग में पत्रवाहक के पद पर कार्यरत हैं। अपना सामान लेकरआयशर सीजी 04 एनवाय 8520 से गृहग्राम रींवा जा रहे थे। और संदीप वैष्णव जो कि कृषि केंद्र का व्यवसाय करते हैं जो अपनी वेन्यू कार क्रं सीजी 04 एनएल 0185 से अपने घर भाटापारा जा रहे थे कि नांदघाट में ही परमेश्वरी होटल के पास उनके वाहन को ने टक्कर मार दिया। जिससे गाड़ी का एक



तरफ का हिस्सा छत्तीग्रस्त हो गया और वाहन सवार वैष्णव बाल बाल बचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आयशर चालक शिवदास निवासी पिथौरा महासमुंद बुरी तरह शराब के नशे में था। और भीड़ भाड़ भरे रस्ते में अपना संतुलन खो बैठा और विपरित दिशा से निकल रही वेन्यू कार को रगड़ दिया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ पकड़ाए व्यक्ति पर 10 हजार का अर्थदंड

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना अंतर्गत खदान पारा में 1.890 किलोग्राम गांजे के पकड़े गए डॉन पिता खिलावन देवार (50 वर्ष) को न्यायालय ने जेल में बिताए 1 माह 9 दिन की सजा से दंडित किया। साथ ही 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। विशेष न्यायाधीक्ष पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 6 नवंबर 2025 को शाम करीब साढ़े 5 बजे की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके पास से गांजा जब्त किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां केस के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने मामले में शासन के तरफ से पैरवी की।

### अंतिम संस्कार को लेकर दो समुदायों में विवाद

**भिलाई।** शव को लेकर दो समुदाय आमने सामने आने का मामला सामने आया है। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जंजगिरी में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। दफनाने की जगह को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। मामला इतना बढ़ गया कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल को तैनात करना पड़ा। गांव के एक परिवार की महिला का निधन हो गया था। परिवार के लोग महिला को उसी स्थान पर दफनाना चाहते थे, जहां उनके पूर्वजों को वर्षों से दफनाया जाता रहा है। लेकिन जांच में सामने आया कि वह जमीन अब निजी स्वामत्वि में है और उसे दूसरे व्यक्ति को बेचा जा चुका है। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कतिपय संगठनों के लोग पहुंचे और निजी जमीन पर दफनाने का विरोध कर दिया। उन्होंने मांग की कि निजी स्वामित्व वाली भूमि पर किसी भी प्रकार का अंतिम संस्कार न किया जाए। विरोध के चलते गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि स्थिति को देखते हुए दोनों पक्षों से बातचीत की गई, समझाइश दी गई है। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### गैंगरेप के फरार आरोपियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अनाचार और गैंगरेप के मामले में जिले के तीन रसूखदारों को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है। खबर है कि आरोपियों को पहले से ही पुलिस की कार्रवाई की जानकारी हो गई थी। इसके कारण ही पुलिस में अपराध दर्ज होते ही आरोपी भाग निकले। पुलिस सूत्रों की मानें तो सांसद के निज सहायक रहे नेहरू नगर निवासी भीमनारायण पाण्डेय, सेक्टर 5 निवासी कृपा शंकर उर्फ राजू कश्यप और वैशाली नगर निवासी ठेकेदार संजय पंडित को महिला पुलिस थाने से अपराध दर्ज होने की जानकारी पहले मिल गई थी। एक महिला पुलिस कर्मी ने इसकी जानकारी आरोपियों को लीक कर दी थी। इसके बाद से तीनों रसूखदार फरार हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस तरह की किसी भी बात से इंकार किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के बड़े अफसर पर भी अनाचार के गंभीर आरोप दो-तीन साल पहले लग चुका है।

## आयोजन

**बचे हुए 96 शिक्षकों के लिए बालवाड़ी प्रशिक्षण का तीसरा चरण 9 से 11 फरवरी तक डाइट में**

# बालवाड़ी, बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण समय होता है : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शिक्षा संस्थान डाइट में चल रहे द्वितीय चरण के बालवाड़ी प्रशिक्षण के दूसरे दिवस के प्रशिक्षण की शुरुआत मां शारदे की वंदना से हुई। इसके पश्चात अमोरा के शिक्षिक श्याम कुमार ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन वाचन मोहलई स्कूल की शिक्षिका लक्ष्मी साहू ने किया। सत्र की शुरुआत में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने प्रशिक्षार्थी साथियों को संबोधित करते हुए एक बहुत सुंदर छत्तीसगढ़ी गीत मोर संग पढ़व रे, गाया।

जिसकी सभी प्रशिक्षार्थियों ने खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि हम छोटे छोटे गीत, कहानी के माध्यम से भी हम नन्हें मुन्ने बच्चों में भाषा विकास कर सकते है। यह अवधि बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण समय होता है। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि हमारे जिले में 347 बालवाड़ी संचालित है उसमें से दो चरणों में प्रशिक्षण के उपरांत भी 96 बालवाड़ी शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित है। उनके लिए तृतीय चरण के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण दिनांक 9 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित होगा। इसमें प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण में छूटे व बचे हुए बालवाड़ी शिक्षक शिक को आना अनिवार्य है। इसके लिए चारों विकासखंड के बीईओ बीआरसी को पत्र जारी कर दिया गया है। प्रशिक्षण से छूटे हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अनिवार्य रूप से भेजें। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से साकेत बिहारी ने बताया कि बालवाड़ी के अंतर्गत 5 से 6 साल के बच्चों को लिया गया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों में 21वीं साड़ी के कौशल विकसित करना है बलवाड़ी का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी के अंतर्गत आने वाले 5 से 6 साल के बच्चों को कक्षा एक के लिए तैयार करना है उसके बाद साकेत बिहारी ने बताया कि ईसीसीई शून्य से 8 वर्ष तक की प्रदान की जाने वाली समग्र देखभाल विकास और शिक्षा को संदर्भित करती है। यह अवधि बच्चे के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसी अवधि में बच्चों में व्यक्तिगत, सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक और सृजनात्मक विकास की नींव रखी जाती है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों का 85% मस्तिष्क का विकास 6 वर्ष की उम्र तक हो जाता है। मास्टर ट्रेनर्स विधि शर्मा के द्वारा एक खेल खिलाया गया। बच्चों के व्यवहार और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा किया गया। अधिगम की तीन शैलियां श्रवण, दृष्टि और करके सीखना के बारे में मास्टर ट्रेनर्स विधि शर्मा के द्वारा बताया गया। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर्स से शीतल बैस ने याददाश्त बढ़ाने पर आधारित एक गतिविधि ओ माई चेचे, चेक चेक गोरे, चेक गो रिसा, रिसा रिसा मौम मौम, कराई। जिसकी खूब सराहना की गई। उनके द्वारा एक शिक्षाप्रद छत्तीसगढ़ी कहानी डोकरी के बिहाव गीत भी सुनाया गया। मास्टर ट्रेनर्स शीतल बैस के द्वारा विकास के आयाम पर प्रकाश डाला गया। जिसमें मुख्य रूप से शारीरिक, संज्ञानात्मक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और भाषाई विकास शामिल है।

तत्पश्चात सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को समूह में बांटकर समस्त विकास को गतिविधि के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया सभी समूह के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा शानदार प्रस्तुति की गई। और इस तरह से प्रशिक्षण के दूसरे दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस प्रशिक्षण के प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे है। इस अवसर पर गोपेश्वरी साहू, लक्ष्मी साहू, कामती ठाकुर, सुमनलता साहू, कीर्ति एक्का, अर्चना राजपूत, मिथिला अहिरवार, सुभाष पाटिल, अरुण मरकाम, जयप्रकाश पात्रे, रामेश्वर प्रसाद नेताम, दिलीप कुमार, पोषण कुमार, यशोमती डोंगरे, ध्रुव कुमार साहू, सोनल नामदेव, अंजू देवांगन, देवकी नवरंग, सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल में विदाई सह गुडलक पार्टी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल नवागढ़ में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में गुडलक पार्टी का भव्य व भावनात्मक आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिससे पूरे परिसर में ज्ञान और संस्कार का वातावरण निर्मित हो गया। गुडलक पार्टी के दौरान ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात रोचक खेलों और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों पर तालियों की गूंज से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यालय में उन्हें केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता और जीवन मूल्यों की अमूल्य शिक्षा मिली है। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रमुख विरेंद्र जायसवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ये विद्यार्थी अपने ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों के बल पर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को स्मृति-उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार साहू, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जांता में जागरूकता व परीक्षा मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

## अनुशासन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के एकमात्र डी.ए.वी. स्कूल जांता, बेमेतरा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक जागरूकता एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से "आओ छू लें आसमान को", परीक्षा मार्गदर्शन एवं जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी बेमेतरा कौशल्या साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ पुलिस विभाग से वर्षा चौबे प्रधान आरक्षक एवं नोडल अधिकारी बलदाऊ पटेल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डीएसपी कौशल्या साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मनिर्भर बनने तथा मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि लड़का और लड़की समान हैं और समाज में बेटियों को समान अधिकार मिलना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन एवं आत्म-अनुशासन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। परीक्षा मार्गदर्शन सत्र में उन्होंने प्रतिस्पर्धा स्वयं से करने, समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने और कठिन मार्ग अपनाकर सफलता प्राप्त करने की बात कही।

जागरूकता सत्र के दौरान डीएसपी एवं प्रधान आरक्षक द्वारा गुड टच–बैड टच, पॉक्सो अधिनियम, नशा अपराधों के दुष्परिणामों, यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग की जानकारी दी गई। इसी अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए शुभकामना दिवस आयोजित कर आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# खिसोरा में श्री शिव महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

■ शिव महापुराण की कथा सुनने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का शमन होता है

ब्लॉक के ग्राम खिसोरा में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। यहां आयोजित श्री शिव महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ के पाँचवें दिन श्रद्धालुओं ने शिव-शक्ति के अलौकिक प्रसंगों का रसास्वादन किया। कथा के मुख्य प्रसंग और आध्यात्मिक व्याख्यान आयोजन के पाँचवें दिन कथा व्यास पंडित सूर्यकांत तिवारी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से हिमालय चरित्र, माता पार्वती के दिव्य जन्म और भगवान शिव के साथ उनके मंगल विवाह महोत्सव का विस्तृत वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि



भगवान शिव का विवाह केवल दो देवों का मिलन नहीं, बल्कि प्रकृति और पुरुष का वह संगम है जो सृष्टि के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। अन्य धार्मिक स्त्रोतों के अनुसार शिव महापुराण की कथा सुनने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का शमन होता है।

शिव विवाह के प्रसंग के दौरान कथा स्थल पूरी तरह से शिवमय हो गया। आकर्षक झांकियों और भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। पाँच कुंडीय रुद्र महायज्ञ की आहुतियों से पूरा वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर है। दर्शनार्थियों का भारी तांता लगा हुआ है और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग इस पुण्य लाभ के लिए पहुंच रहे है। कार्यक्रम स्थान ग्राम खिसोरा में भव्य श्री शिव महापुराण कथा एवं पांच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ 01 फरवरी से 07 फरवरी तक आयोजित की गई है। रुद्र महायज्ञ की दिव्य आहुतियाँ और पंडित सूर्यकांत तिवारी जी द्वारा शिव महिमा का व्याख्यान कर रहे है।

# नालसा ने पेश की मानवता की मिसाल मानसिक विक्षिप्त को उपचार के लिए भेजा मानसिक चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ सड़क किनारे निर्वस्त्र मिला था मानसिक विक्षिप्त



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) की योजनाओं के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा ने मानवीय संवेदना और सामाजिक दायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेरला रोड स्थित नया सर्किट हाउस के समीप सड़क किनारे निर्वस्त्र अवस्था में पड़े एक अज्ञात मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, बल्कि उसे समुचित चिकित्सकीय उपचार भी उपलब्ध कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति के संबंध में सूचना माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मोहित सिंह द्वारा दी गई। सूचना पर संज्ञान लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने तत्काल अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को अवगत कराया। निर्देशानुसार अधिकार मित्र संजीव शर्मा, चेतन सिंह एवं देवेंद्र यादव तथा पुलिस आरक्षक राजेन्द्र जायसवाल के सहयोग से व्यक्ति का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

मानवता का परिचय देते हुए अधिकार मित्रों द्वारा सर्वप्रथम व्यक्ति को वस्त्र उपलब्ध कराकर सम्मानजनक स्थिति में लाया गया, तत्पश्चात उसे प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण हेतु जिला अस्पताल, बेमेतरा भेजा गया। जिला अस्पताल में मानसिक एवं शारीरिक परीक्षण के बाद आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से आदेश प्राप्त किए गए। आदेशानुसार उक्त मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को शासकीय मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, बिलासपुर में भर्ती कराया गया।

यह पूरी कार्रवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं समाज के उपेक्षित और असहाय वर्गों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# मल्दा स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक महोत्सव, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्य शाला मल्दा विकासखंड नवागढ़ का शाला परिसर में वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब ताली बाटोरा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अज्ञात आवश्यक कारण से उपस्थित नहीं हो पाये। जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू के अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष माया हीरा बारले के गौरव मय उपस्थिति रही है।

अति विशिष्ट अथिति के रुप में हवेन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष भाजपा मंडल बालसमुंद व सरपंच रामकिशुन निषाद मुटपूरी युवा जनपद सदस्य उमेश साहू उपस्थित रहे। ग्राम के सरपंच मनोज कुमार साहू, उपसरपंच गीता मनोज निषाद, गणेश बांधे सचिव तारनी वर्मा रोजगार सहायक उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के स्वयं सेवी शिक्षक माया सोनवानी ग्राम पंचायत मल्दा की सहभागिता रही है। शास उच्च माध्य के प्रभारी प्राचार्य श्याम तिवारी व उनके समस्त स्टॉफ तथा विद्यार्थी, शास पूर्व माध्य शाला के प्रधान पाठक कुमार सिंह साहू, शिक्षक कौशल कुमार साहू सीएसी मल्दा, दरस राम निषाद आशा राम ध्रुव व अशोक साहू प्राथमिक प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस सहायक शिक्षक धनीराम साहू, गोपाल साहू जी की विशेष सभागिता रही है। कार्यक्रम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति से सम्बंधित गीत व नृत्य का विशेष आकर्षण रहा है। बच्चों ने मनमोहक संगीत नृत्य से मंच मे समा बांधा। सामाजिक समरसता प्राकृतिक सौन्दर्य व खनिज संसाधन से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ के गीतों को पिरो कर रिकॉर्डिंग डांस के रुप मे प्रस्तुत किया गया। महाभारत काल, रामायण काल व जनजातीय काल के अनूठी संगम छत्तीसगढ़ के संस्कृति को याद किया गया। गीत संगीत नाच की छत्तीसगढ़ी परम्परा व उदभव को नृत्य से उकेरा गया। बारहमासी गीत राऊत नाचा सुआ ददरिया भोजली देवी गीत कर्मा गीतों को रेखांकित कर नृत्य से दर्शकों को सन्देश प्रदान करते रहे।

अतिथियों ने अपना विचारो से उत्साह वर्धन किया। ऐसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों की कलाओ में निखार आता रहता है एवं संस्कृति से परिचित होता रहता है। प्रतिभा प्रस्तुत करने का माध्यम होता है। पढ़ाई के साथ -साथ सहगामी क्रियाओ का होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस शास प्राथ शाला मल्दा ने किया। अंत में ग्राम सरपंच मनोज कुमार साहू द्वारा समस्त अतिथियों का आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।

**सामाजिक एकता और संगठनात्मक क्षमता बनाए रखने का किया आह्वान**

# साजा में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनी संत शिरोमणि रैदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 9 में मेहर समाज के द्वारा संत शिरोमणि श्री रैदास जी की 649 वा जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। प्रातः कालीन गुरु वंदना, हवन पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसके पश्चात गुरु ग्रन्थ पाठ जिसके अंतर्गत गुरु वाणी का वाचन मेहर समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री रामब्रिज लहरें की संगत मे मेहर जनों द्वारा किया गया।

शाम पांच बजे से अतिथि स्वागत हीरासिंह लहरे अध्यक्ष मेहर समाज नगर पंचायत साजा, लवकुश लसेल उपाध्यक्ष, रमेश दांडे, कुमारी कीर्ति दांडे सचिव, संतोष तूरकाने कोषाध्यक्ष के अगुवाई सभी सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हिमांशु वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष साजा के





द्वारा संत शिरोमणि श्री रैदास जी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक बुराई एवं आडंबर के प्रति उनके विरोध के बारे में बताते हुए सामाजिक एकता और संगठनात्मक क्षमता बनाए रखने का आह्वान किया गया। उन्होंने आगे कहा कि संगठित एवं शिक्षित समाज से ही अपने लोगों का विकास होता है। आज सरकार की बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाये संचालित है जिसका लाभ लेकर समाज को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है अतः हम सबको इसका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन रामब्रिज लहरें के द्वारा दिया गया जिसके अंतर्गत गुरु की महिमा उनके संघर्ष को याद करते हुए सामाजिक समता, भाईचारे के साथ रहते हुए संगठित होकर आगे बढ़ने की बात कही गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप श्री मति प्रेरणा लाल शौर्य जीत सिंह जी द्वारा समाज में महिला शिक्षा एवं उनके परिवार में दायित्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु श्री रैदास जी की संदेश को दोहराते हुए समाज के इस प्रयास की सराहना किया गया। उपस्थिति अन्य अतिथियों में आशीष वर्मा सभापति, दुर्गा गोयल सभापति, कमल नारायण सिंह राजपूत सभापति नगर पंचायत साजा, नारद देवांगन विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत साजा, संतोष कुमार यादव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में झुना राम मिरझा, रामबली दांडे, लक्ष्मण दांडे, प्रहलाद मिरझा, दानसिंह लहरें, गिरिजा बाई मिरझा, देवलाल गजेंद्र, बसंत लहरी, जगतारण खरे, भुवन नेगी, संगीता गजेंद्र, नमिता लहरी, चंद्रिका मिरझा, जया जाधव, प्रेम लसेल, पूनम लसेल, पप्पू दांडे, अनिल दांडे, अंजू एवं समस्त सामाजिक जनो का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में होरी लाल मिरझा का विशेष योगदान रहा।

